वित्तीय स्वीकृति

संख्या- 8/2015 /1970/9-1-2015-3बजट/2014

प्रेषक,

सुधीर सिंह चौहान,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी
फैजाबाद।

नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊः दिनांकः 04 जून, 2015

विषयः वित्तीय वर्ष 2015-16 में अयोध्या, जनपद फैजाबाद के चैत्र रामनवमी मेला, श्रावण झूला मेला एवं परिक्रमा(चौदहकोसी/पंच कोसी)/कार्तिक पूर्णिमा मेला हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-299/मेला.लि./बजट/2015-16, दिनांक-16-05-2015 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अयोध्या, जनपद फैजाबाद के चैत्र रामनवमी मेला, श्रावण झूला मेला एवं परिक्रमा(चौदहकोसी/पंच कोसी)/कार्तिक पूर्णिमा मेला में कराये जाने वाले कार्यो पर आने वाले व्यय के भुगतान हेतु प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0- 48,00,000/- (रू0 अड़तालिस लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उक्त धनराशि जिन मदों के लिये स्वीकृत की जा रही है, उन्हीं मदों में उसी सीमा तक व्यय की जायेगी। किसी भी मद में बिना शासन की अनुमति के व्यावर्तन नहीं किया जायेगा। शासन द्वारा समय-समय पर जारी मितव्ययता संबंधी शासनादेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र कार्यालय, महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद एवं शासन को समयान्तर्गत अवश्य उपलब्ध कराया जाय।

5- उक्त मेलों हेतु अवशेष धनराशि की स्वीकृति उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त निर्गत की जायेगी।

6- उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोजनेत्तर पक्ष के लेखा शीर्षक-2053-जिला प्रशासन-094-अन्य स्थापनायें-05-स्थानीय निकायों के क्षेत्र में लगने वाले प्रान्तीकृत मेले एंव प्रदर्शनियों हेतु व्यवस्था-20- सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामें डाला जायेगा।

7- उक्त आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 के प्रस्तर-2(10) में प्रशासनिक विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(सुधीर सिंह चौहान)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-8/2015/1970(1)/9-1-2015, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- कोषाधिकारी, फैजाबाद।

3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ0प्र0, इलाहाबाद।

4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/ वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1/2

5- सुपर वेब यूजर्स/कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग को एलाटमेंट/विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुधीर सिंह चौहान)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in